# भार तालिका

## हिंदी (द्वितीय भाषा)

| कक्षा | अंश | रचनात्मक आकलन | | | | | सारांशात्मक आकलन | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र सहभागिता व निरीक्षण | लिखित कार्य | परियोजना कार्य | लघु व पर्ची परीक्षा | कुल | सुनना-बोलना, प्रशंसा (मौखिक) | पढ़ना | | लिखित | सृजनात्मकता | | शब्दभंडार, भाषा की बात | कुल |
| | | | | | | | | मौखिक | लिखित | | मौखिक | लिखित | | |
| 6 | प्रतिशत | 20% | 20% | 20% | 40% | 100% | 20% | 10% | 20% | 40% | 10% | – | – | 100% |
| | अंक | 10 | 10 | 10 | 20 | 50M | 20 | 10 | 20 | 40 | 10 | – | – | 100M |
| 7–8 | प्रतिशत | 20% | 20% | 20% | 40% | 100% | 10% | – | 20% | 30% | – | 20% | 20% | 100% |
| | अंक | 10 | 10 | 10 | 20 | 50M | 10 | – | 20 | 30 | – | 20 | 20 | 100M |

# अध्यापकों के लिए सूचनाएँ
# Instructions

## द्‌वितीय भाषा हिंदी

1. प्रस्तुत प्रश्न-पत्र 'नमूना प्रश्न-पत्र' मात्र ही है।

2. इस प्रश्न-पत्र में छठवीं कक्षा के लिए निर्देशित चार कौशलों के आधार पर प्रश्न पूछे गये हैं।

3. इसमें मौखिक प्रश्न-पत्र अलग से दिया गया है। जिसे अध्यापक लिखित परीक्षा से पूर्व ही आयोजित करेगा।

4. सतत समग्र मूल्यांकन के आधार पर तैयार किये गये इस प्रश्न-पत्र में छठवीं कक्षा के लिए सृजनात्मक अभिव्यक्ति मापदंड को मौखिक कौशल के अंतर्गत लेना चाहिए। जबकि कक्षा सातवीं और आठवीं में सृजनात्मक अभिव्यक्ति मापदंड लिखित परीक्षा में पूछे गये हैं। अध्यापक इस बात का विशेष ध्यान रखें।

5. कक्षा छठवीं में मौखिक मापदंड हैं- सुनो-बोलो, पढ़ो (मौखिक रूप में पढ़ने की जाँच हेतु) और सृजनात्मक अभिव्यक्ति हैं। जबकि लिखित परीक्षा के मापदंड हैं-पढ़ो (लिखित रूप में पढ़ने की जाँच हेतु) और लिखो।

6. कक्षा सातवीं और आठवीं में मौखिक मापदंड हैं- सुनो-बोलो और प्रशंसा। जबकि लिखित परीक्षा के मापदंड हैं-पढ़ो (लिखित रूप में पढ़ने की जाँच हेतु), लिखो, सृजनात्मक अभिव्यक्ति, भाषा की बात (शब्द-भंडार और व्याकरणांश)।

# राजीव विद्या मिशन, आंध्र प्रदेश
## सारांशात्मक आकलन - I
## नमूना मौखिक प्रश्न पत्र - 2013-14
## हिंदी (द्वितीय भाषा)

**कक्षाः छठवीं** **अंक : 40**

*सूचनाः यह मौखिक प्रश्न पत्र नमूना मात्र है। अध्यापक इसी तरह का प्रश्न पत्र बनायें। उसकी परीक्षा लिखित परीक्षा से पहले ही आयोजित करें।*

**I. सुनो-बोलो**

(अ) चित्र के बारे में बताइए। 10 अंक




(आ) किसी एक के बारे में बताइए। 10 अंक

- पाठशाला
- हमारा गाँव
- मनपसंद फल

## II. पढ़ो

कोई दस शब्द पढ़िए। 10 अंक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नर | किसान | लड़की | सुई | आलू | ऋषि |
| अनार | खीरा | टिकट | कृषक | बस | उषा |

## IV. सृजनात्मक अभिव्यक्ति

नीचे दिये गये बालगीतों में से कोई एक बालगीत गाकर सुनाइए। 10 अंक

- आम ले लो आम!
- रेलवे स्टेशन
- बाज़ार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राजीव विद्या मिशन, आंध्र प्रदेश

## सारांशात्मक आकलन - I

## नमूना लिखित प्रश्न पत्र - 2013-14

## हिंदी (द्वितीय भाषा)


**कक्षा : छठवीं** **अंक : 60**

**छात्र का नामः** **समय : 2½**

| शैक्षिक मापदंड | I | II | III | IV | कुल अंक | श्रेणी (ग्रेड) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक | | | | | | |
| श्रेणी (ग्रेड) | | | | | | |


**I. पढ़ो (10 अंक)**

1. वाक्य पढ़िए। चित्र वाले शब्दों पर ‘O’ लगाइए। 05 अंक

(अ) बालक आम खाता है।
(आ) अनार के दाने लाल हैं।
(इ) यह फूलों की माला है।
(ई) आरा तेज़ है।
(उ) यह दादाजी का छाता है।

2. जोड़ी बनाइए। 05 अंक

 नल

 किसान

 ईख

 बस

 बाघ

3. संबंधित मात्रावाले शब्दों से कोई 5 जोड़ी बनाइए। 10 अंक

| | | |
|---|---|---|
| नाला | अ | फूल |
| कील | आ | सुई |
| चूड़ी | इ | मन |
| टिकट | ई | सिर |
| ऋषभ | उ | छाता |
| सुख | ऊ | कृषक |
| नर | ऋ | खीर |



## II. लिखो

1. नीचे दी गयी बारहखड़ी लिखिए। 10 अंक

| ा | का | घा | जा | बा | सा | ना | मा | रा | जा | फा | ला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ि | | | | | | | | | | | |
| ी | | | | | | | | | | | |
| ु | | | | | | | | | | | |
| ू | | | | | | | | | | | |
| ृ | | | | | | | | | | | |

2. तालिका में फलों के नाम ढूँढ़कर लिखिए। 05अंक

| | | | |
|---|---|---|---|
| के | ठ | अ | से |
| ला | ग | ना | ब |
| अं | गू | र | आ |
| ढो | ल | थ | म |


1. .................. 2. ................ 3. ................



4. .................... 5. ................





3. सुंदर अक्षरों में लिखिए। 05अंक

आम इमली ऊन ऐनक औरत

4. नीचे दिये गये चित्र देखिए। नाम लिखिए। 20अंक

.................. ............... .................... ................. .................

.................. ................. ..................... ................. .................

⌘⌘⌘ समाप्त ⌘⌘⌘

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राजीव विद्या मिशन, आंध्र प्रदेश
## सारांशात्मक आकलन - I
## नमूना मौखिक प्रश्न पत्र - 2013-14
## हिंदी (द्वितीय भाषा)

**कक्षाः सातवीं** **अंक : 10**

*सूचनाः यह मौखिक प्रश्न पत्र नमूना मात्र है। अध्यापक इसी तरह का प्रश्न पत्र बनायें। उसकी परीक्षा लिखित परीक्षा से पहले ही आयोजित करें।*

**I. सुनो-बोलो**

(1) चित्र के बारे में बताइए। 3 अंक



(2) किसी एक के बारे में बताइए। 2 अंक

- मन करता है
- सच्चा दोस्त

**II. प्रशंसा**

(1) किसी एक के बारे में बताइए। 5 अंक

- पेड़ : हमारे जीवन साथी
- कंजूस सेठ : लालच ठीक नहीं
- राजभाषा हिंदी : एकता की कड़ी

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

# राजीव विद्या मिशन, आंध्र प्रदेश

## सारांशात्मक आकलन - I

## नमूना लिखित प्रश्न पत्र - 2013-14

## हिंदी (द्वितीय भाषा)

**कक्षा : सातवीं** **अंक : 90**

**छात्र का नाम:** **समय : 2½**

| शैक्षिक मापदंड | I | II | III | IV | V | VI | VII | कुल अंक | श्रेणी (ग्रेड) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक | | | | | | | | | |
| श्रेणी (ग्रेड) | | | | | | | | | |

**I. पढ़ो (10 अंक)**

1. नीचे दी गयी कविता पढ़िए। 5 अंक

मन करता है सूरज बनकर
आसमान में दौड़ लगाऊँ।
मन करता है चंदा बनकर
सब तारों पर अकड़ दिखाऊँ।

अब इन प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प से दीजिए।

(अ) कवि क्या बनना चाहता है? (     )

(क) चिड़िया (ख) सूरज (ग) कोयल

(आ) कवि कहाँ दौड़ लगाना चाहता है? (     )

(क) धरती (ख) सड़क (ग) आसमान

(इ) कवि चंदा बनकर किस पर अकड़ दिखाना चाहता है? (     )

(क) सूरज (ख) तारे (ग) फूल

(ई) रात में चंदा के साथ ये दिखायी देते हैं? (     )

(क) फूल (ख) सूरज (ग) तारे

(उ) इस कविता के कवि कौन हैं? (     )

(क) माखनलाल (ख) सुरेंद्र विक्रम (ग) कबीर

2. नीचे दिया गया अनुच्छेद पढ़िए। 05 अंक

एक पे़ड था। उसका एक दोस्त था। उसका नाम अमर था। दोनों आपस में बहुत प्यार करते थे। हर रोज़ अमर पे़ड के पास जाता था। उसके फूल इकट्ठा करता था। इन फूलों की माला बनाता था। पे़ड के तने पर चढ़ता था। उसकी शाखाओं से झूलता था। दोनों आपस में आँख मिचौनी खेलते थे। जब वह थक जाता तो पे़ड की छांव में सो जाता। इस तरह दोनों बहुत खुश थे।

अब इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ई) अमर की दोस्ती किससे थी?

(इ) अमर हर रोज कहाँ जाता था?

(ई) दोनों आपस में क्या खेलते थे?

(उ) अमर पर पेड़ की शाखाओं से क्या करता था?

(ऊ) अमर थक जाने पर क्या करता?

3. जोड़ी बनाइए। 05 अंक

| | |
|---|---|
| तितली | मेरी दीदी का विवाह है। |
| अमर | आगे नारियल के पेड़ हैं। |
| हिंदी | दूर-दूर तक उड़ती है |
| मेधा | हमारी राजभाषा है। |
| तीसरा दुकानदार | बूढ़ा हो गया। |

4. सही शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 05 अंक

(अ) कोयल ................. गीत सुनाती है। (खट्टे / मीठे)

(आ) अमर नौकरी की तलाश में ............गया। (शहर / गाँव)

(इ) सेठ को ........... की ज़रूरत पड़ी। (नारियल / पानी)

(ई) हिंदी दिवस ............. को मनाया जाता है। (14 सितंबर / 15 सितंबर)

(उ) खरगोश भागते-भागते बोला................गिर रहा है। (पत्थर / आसमान)

## II. लिखो (10 अंक)

1. नीचे दिये गये प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 6-8 पंक्तियों में दीजिए। 2X6=12 अंक

(अ) 'मन करता है' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(आ) राजभाषा हिंदी सीखने से क्या लाभ हैं?

(इ) पेड़ ने अमर की सहायता कैसे की?

(ई) 'आसमान गिरा' कहानी अपने शब्दों में लिखिए।

(उ) अड़ोस-पड़ोस की सफ़ाई के लिए क्या करना चाहिए? लिखिए।

(ऊ) 'कंजूस सेठ' कहानी से तुमने क्या सीखा?

(ऋ) सेठ नारियल के पेड़ पर क्यों चढ़ा?

(ए) मेधा ने प्रधानाध्यापक को पत्र क्यों लिखा?

## III. सृजनात्मक अभिव्यक्ति


1. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 1X8=8 अंक

(अ) राजभाषा हिंदी (आ) मेरा प्रिय जानवर

2. कोई एक पत्र लिखिए। 1X7=7 अंक

(अ) बीमार पड़ने पर छुट्टी माँगते हुए कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।
(आ) मेला देखने की अनुमति माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

3. संकेत के आधार पर पेड़ के बारे में लिखिए। 1X5=5 अंक




## IV. भाषा की बात

### शब्द भंडार

1. शब्दों के अर्थ लिखिए। अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 3X2=6 अंक

(अ) शाखा (आ) दोस्त (इ) अध्यापक

2. रेखांकित शब्द का विलोम उसी वाक्य में पहचनाकर लिखिए। 2X1=2 अंक

(अ) पेड़ ने दुख सहकर अमर को सुख दिया।

(आ) सर्दी में ठंडी और गर्मी में धूप होती है।

3. नीचे दिये गये अंक देखिए। अक्षरों में लिखिए। 2X1=2 अंक

(अ) 11 (आ) 18

**व्याकरणांश**

4. रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। 3X1=3 अंक

(अ) यह <u>लड़का</u> है।

(आ) वे <u>अध्यापिका</u> हैं।

(इ) <u>शेर</u> वन में है।

5. रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। 3X1=3 अंक

(अ) यह <u>फल</u> है।

(आ) मेरे पास <u>फूल</u> है।

(इ) पत्ते हरे रंग में होते हैं।

6. शब्द-भेद पहचानिए। 2X1=2 अंक

(अ) वाक्य में संज्ञा शब्द लिखिए।

- खरगोश दौड़ रहा है।

(आ) वाक्य में सर्वनाम पहचानिए।

- यह पुस्तक है।

7. वर्तनी शुद्ध कीजिए। 2X1=2 अंक

(अ) पथंग (आ) नधी

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राजीव विद्या मिशन, आंध्र प्रदेश
## सारांशात्मक आकलन - I
## नमूना मौखिक प्रश्न पत्र - 2013-14
## हिंदी (द्वितीय भाषा)

**कक्षाः आठवीं** **अंक : 10**

*सूचनाः यह मौखिक प्रश्न पत्र नमूना मात्र है। अध्यापक इसी तरह का प्रश्न पत्र बनायें। उसकी परीक्षा लिखित परीक्षा से पहले ही आयोजित करें।*

**I. सुनो-बोलो**

(1) चित्र के बारे में बताइए। 3 अंक



(2) किसी एक के बारे में बताइए। 2 अंक

- प्यारा गाँव
- कौन?

**II. प्रशंसा**

(1) किसी एक के बारे में बताइए। 5 अंक

- वृक्षो रक्षति रक्षित
- कामयाब होने के उपाय
- आत्मविश्वास का महत्व

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

# राजीव विद्या मिशन, आंध्र प्रदेश

## सारांशात्मक आकलन - I

## नमूना लिखित प्रश्न पत्र - 2013-14

## हिंदी (द्वितीय भाषा)

**कक्षा : आठवीं** — **अंक : 90**

**छात्र का नामः** — **समय : 2½**

| शैक्षिक मापदंड | I | II | III | IV | V | VI | VII | कुल अंक | श्रेणी (ग्रेड) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक | | | | | | | | | |
| श्रेणी (ग्रेड) | | | | | | | | | |

**सूचना :- सुनना-बोलना तथा प्रशंसा कौशल से संबंधित प्रश्न अध्यापक पहले ही तैयार करें। प्रत्येक कौशल के लिए पाँच-पाँच अंक हों। इसकी परीक्षा का आयोजन पहले ही कक्षा-अध्यापन के दौरान कर लिया जाए। (10 अंक)**

**I. पढ़ो (20 अंक)**

1. नीचे दी गयी कविता पढ़िए। 5 अंक

अगर न होती निर्मल नदियाँ

जग की प्यास बुझाता कौन?

अगर न होते पर्वत, मीठे

झरने भला बहाता कौन?

अब इन प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प से दीजिए।

(अ) नदियाँ कैसी होती हैं? (   )

(क) निर्मल (ख) हलकी (ग) ऊँचे

(आ) नदियाँ किसकी प्यास बुझाती हैं? (   )

(क) सूरज (ख) जग (ग) चाँद

(इ) झरने का पानी कैसा होता है? ( )

(क) खारा (ख) खट्टा (ग) मीठा

(ई) झरना यहाँ से निकलता है? ( )

(क) गली (ख) शहर (ग) पर्वत

(उ) इस कविता के कवि कौन हैं? ( )

(क) बालस्वरूप राही (ख) शैलेंद्र (ग) साहिर

2. नीचे दिया गया अनुच्छेद पढ़िए। 05 अंक

एक बार एक जंगल में राजेश नामक लड़का जा रहा था। रास्ते में उसे एक सोने का सिक्का मिला। वह सोचने लगा- ''यह सिक्का मेरा तो है ही नहीं, इसे क्या करूँ लेकर...जाने किस बेचारे का सिक्का यहाँ गिर गया है। अब न तो इसे रख ही सकता हूँ और न फेंक सकता हूँ, आख़िर सोना जो है।''

यही सब सोचते हुए वह आगे बढ़ा चला जा रहा था। रास्ते में माला जपते एक साधु महाराज उसे मिले। उसने सोचा, क्यों न यह सिक्का साधु को ही दे दूँ।

प्रः ऊपर लिखा गद्यांश किस पाठ का है?

प्रः राजेश कहाँ जा रहा था?

प्रः रास्ते में उसे क्या मिला?

प्रः रास्ते में उसे कौन मिला?

प्रः राजेश सिक्का किसको देना चाहता था?

3. जोड़ी बनाइए। 05 अंक

| | |
|---|---|
| फूल | हम होंगे कामयाब' के कवि हैं। |
| कुम्हार | एक दिन। |
| होंगे कामयाब | मिट्टी के बर्तन बनाता है। |
| किसान | खिल-खिलकर मुसकाता है। |
| गिरिजा कुमार माथुर | अन्न उगाता है। |

4. सही शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 05 अंक

(अ) चारों ओर ................. होगी। (शांति / भय)

(आ) राजा का नाम ............. है। (क्रुर / शूर सिंह)

(इ) वास्तव में भारत ..............में ही बसता है। (गाँव / शहर)

(ई) रात में..............दिशा दिखाता है। (सूरज / चाँद)

(उ) ............की बात मानकर राजेश आगे बढ़ा। (राजा / साधु)

प्रः ऊपर लिखा गद्यांश किस पाठ का है?
उः ..........................................................
प्रः कृत्रिम उपग्रह किसके समान है?
उः ..........................................................
प्रः हमें मौसम की जानकारी किसके द्वारा मिलती है?
उः ..........................................................
प्रः 'समान' का विलोम अर्थ क्या है?
उः ..........................................................
प्रः कृत्रिम उपग्रह से क्या लाभ है?
उः ..........................................................

3. जोड़ी बनाइए। 05 अंक

| | |
|---|---|
| गिरिजा कुमार माथुर | सोने का सिक्का मिला। |
| राजेश को | 'हम होंगे कामयाब' के कवि हैं। |
| बढ़ई | हरियाली फैलाता है। |
| पेड़ | खुरपी, हथौड़ा आदि बनाता है। |
| लुहार | लकड़ी का काम करता है। |

4. हाँ या नहीं में उत्तर दीजिए। 05 अंक

(अ) साधु ने सोने का सिक्का ले लिया। ( )

(आ) सोनार मटके, घड़े आदि बनाते हैं। ( )

(इ) जुलाहा कपड़े बुनने का काम करता है। ( )

(ई) नदियाँ हमारी प्यास बुझाती हैं। ( )

(उ) मिलजुलकर रहने से हम कामयाब होते हैं। ( )

**II. लिखो (10 अंक)**

1. नीचे दिये गये प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 8 पंक्तियों में दीजिए। 2 X 6 =12 अंक

(अ) 'हम होंगे कामयाब' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(आ) राजा कैसे बदल गया?

(इ) रमेश और रानी के गाँव के बारे में लिखिए।

(ई) 'धरती की आँखें' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

2. नीचे दिये गये प्रश्नों में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर 3-4 पंक्तियों में दीजिए। 6 X 3= 18 अंक

(अ) हमें कामयाब होने के लिए क्या करना चाहिए?

(आ) विज्ञान ने हमें क्या सुवधिाएँ दी हैं?

## II. लिखो (10 अंक)

1. नीचे दिये गये प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 8 पंक्तियों में दीजिए। 2 X 6 =12 अंक

(अ) 'कौन' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(आ) यदि तुम्हें रास्ते में कोई चीज़ मिलती है, तो उसका आप क्या करेंगे?

(इ) कुछ घरेलू-उद्योगों के नाम लिखिए। आपको कौनसा व्यवसाय पसंद है और क्यों?

(ई) 'हम होंगें कामयाब' कविता का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

2. नीचे दिये गये प्रश्नों में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर 3-4 पंक्तियों में दीजिए। 6 X 3= 18 अंक

(अ) साथ-साथ चलना क्यों ज़रूरी है?

(आ) शूरसिंह कैसा राजा था?

(इ) कुम्हार क्या-क्या बनाता है?

(ई) पर्वत क्या करते हैं?

(उ) सूरज के बारे में दो वाक्य लिखिए।

(ऊ) राजेश ने सोने के सिक्के का क्या किया?

(ऋ) 'होंगे कामयाब' कविता में कवि को किस बात का विश्वास है?

(ए) पेड़ से क्या लाभ हैं?

## III. सृजनात्मक अभिव्यक्ति

1. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 1X8=8 अंक


(अ) हमारे गाँव (आ) कामयाबी

(इ) राजभाषा हिंदी (ई) प्रकृति

2. कोई एक पत्र लिखिए। 1X7=7 अंक

(अ) बहन की शादी में जाने के लिए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी-पत्र लिखिए।
(आ) अपने गाँव का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

3. संकेत के आधार पर लिखिए। 1X5=5 अंक






## IV. भाषा की बात

### शब्द भंडार

1. शब्दों के अर्थ लिखिए। अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 3X2=6 अंक

(अ) डर (आ) जंगल (इ) प्रणाम

2. रेखांकित शब्द का विलोम उसी वाक्य में पहचनाकर लिखिए। 2X1=2 अंक

(अ) जो निडर होते हैं उन्हें किसी का <u>डर</u> नहीं होता।

(आ) <u>दिन</u> में सूरज और रात में चाँद दिखायी देता है।

3. नीचे दिये गये अंक अक्षरों में लिखिए। 2X1=2 अंक

(अ) 9 (आ) 15

### व्याकरणांश

4. रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। 3X1=3 अंक

(अ) <u>घोड़ा</u> घांस खाता है।

(आ) प्रणाम <u>चाचाजी!</u>

(इ) <u>दादीजी</u> ने बहुत लाड़-प्यार किया।

6. रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। 3X1=3 अंक

(अ) मैं खेल रहा हूँ।

(आ) वह टीकरी है।

(इ) कुम्हार मटका बनाता है।

7. शब्द-भेद पहचानिए। 2X1=2 अंक

(अ) वाक्य में संज्ञा शब्द लिखिए।

- हम रोज सबेरे दूध पीते हैं।

(आ) वाक्य में विशेषण शब्द लिखिए।

- झरने का पानी मीठा होता है।

8. वाक्य शुद्ध कीजिए। 2X1=2 अंक

(अ) आप गाना गाओ।

(आ) तू यहाँ आइए।